हरिभूमि
# वनांचल भूमि
रायपुर, शुक्रवार 28 नवंबर 2025

तापमान

अधिकतम 24.0 डिग्री

न्यूनतम 13.0 डिग्री

12 दिव्यांग को मिला आधार कार्ड, अब खुलेंगे ...



12 वनमंत्री ने अफसरों को लगाई फटकार कहा- हर ...





## खबर संक्षेप

### मृतक के परिजन को चार लाख की सहायता स्वीकृत

**बीजापुर।** कलेक्टर संबित मिश्रा द्वारा छत्तीसगढ़ शासन राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के प्रावधानों के तहत राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के अंतर्गत प्राकृतिक आपदा से मृतक के परिजन को 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि प्रदान करने की स्वीकृति दी गई है। जिसके अंतर्गत सर्पदंश से मृत्यु के प्रकरण में मृतक दीपक गान्ला के निकटतम वारिस उनके पिता भूपत गान्ला निवासी ग्राम फुतकेल, तहसील उसूर को 4 लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है। स्वीकृत राशि का भुगतान संबंधित हितग्राहियों के बैंक खाते में डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर के माध्यम से किए जाने के निर्देश संबंधित तहसीलदार को दिए गए है।

### कृषकों के पंजीयन के लिए अतिरिक्त समय का सभी समितियों को निर्देश

**बीजापुर।** कलेक्टर संबित मिश्रा ने बताया है कि शासन द्वारा जारी निर्देशों के अनुरूप कृषक पंजीयन कार्य को सुचारू रूप से पूर्ण कराने हेतु सभी राजस्व एवं खाद्य विभाग के अधिकारियों को सतर्कता के साथ कार्य करने के निर्देश दिए गए हैं। कलेक्टर ने बताया कि कृषि विभाग द्वारा 18 नवम्बर से 25 नवम्बर के बीच प्राप्त कृषक पंजीयन हेतु केवाईसी, भूमि, वनाधिकार एवं अन्य संबंधित दस्तावेजों की ऑनलाइन प्रविष्टि तहसीली लॉगिन की व्यवस्था की गई है। इस कार्य को उच्च प्राथमिकता के साथ 30 नवम्बर तक पूर्ण करने के निर्देश संबंधित सभी समितियों को दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि कृषकों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो इसके लिए सभी समिति प्रबंधक, खाद्य अधिकारी एवं अनुविभागीय अधिकारी प्रतिदिन प्रगति की समीक्षा करें तथा यह सुनिश्चित करें कि पात्र कृषकों का पंजीयन समय-सीमा के भीतर पूर्ण हो।

### सफलता : गुट्टूम व नेण्ड्रा के जंगल में नक्सलियों ने बनाया था स्मॉरक

# कतार में बने नक्सलियों के स्मारक पर सुरक्षाबलों ने चलाया बुलडोजर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बीजापुर जिले के बासागुड़ा थाना क्षेत्र स्थित गुट्टूम व नेण्ड्रा के जंगल में नक्सलियों के बनाए स्मॉरकों पर बासागुड़ा पुलिस ने बुलडोजर चलाते हुए ध्वस्त कर दिया है। इन स्मॉरकों के चलते जंगल में जाने वाले ग्रामीण दशहत में रहते थे अब इन स्मॉरकों के ध्वस्त होन के बाद ग्रामीणों ने भी राहत की सांस ली है। एसपी बीजापुर डॉ जितेन्द्र यादव के निर्देश पर जिले के अलग अलग थाना क्षेत्रों में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी तारतम्य में बासागुड़ा थाना प्रभारी दीपक साहू के नेतृत्व में जवानों ने जंगलों में निर्मित 4 माओवादी स्मॉरक को बुलडोजर से ध्वस्त कर दिया है। सुरक्षाबलों ने महत्वपूर्ण अभियान चलाते हुए ग्राम गुट्टूम के जंगल में माओवादियों द्वारा कतार से निर्मित 3 स्मारकों को ध्वस्त कर दिया गया है। इसी तरह ग्राम नेण्ड्रा के जंगल में निर्मित एक अन्य माओवादी स्मारक को भी ध्वस्त किया गया। गौरतलब है कि माओवादियों द्वारा अपने संगठन के विचारों के प्रचार-प्रसार तथा भय का वातावरण बनाने के लिए इन स्मारकों का निर्माण किया जाता है। नक्सलियों की यह भी मंशा होती है कि इन स्मॉरकों से ग्रामीणों में दहशत का माहौल बनाया जा सके। पुलिस व सुरक्षा बलों की सक्रियता के कारण ऐसे अवैध एवं जनविरोधी ढांचों को लगातार ध्वस्त किया जा रहा है। टीआई ने बताया कि यह कार्रवाई माओवादी प्रभाव एवं गतिविधियों को कम करने तथा क्षेत्र में सुरक्षा वातावरण मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण है। एसपी ने कहा कि शांति, सुरक्षा और विकास के लिए बीजापुर पुलिस द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार जन-जागरूकता एवं विश्वास बहाली अभियान चलाए जा रहे हैं।



#### ग्रामीणों से किया गया सवांद स्थापित

*बासागुड़ा पुलिस द्वास थाना क्षेत्र के ग्राम नेण्ड्रा में चलित थाना व संवाद कार्यक्रम आयोजित किया था। थाना प्रभारी दीपक साहू ने बताया कि नेण्ड्रा में ग्रामीणों से विस्तृत संवाद स्थापित किया गया। संवाद के दौरान ग्रामीणों को शासन की आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास नीति की जानकारी दी गई। वहीं समाज से भटके हुए युवाओं से हिंसा का रास्ता छोड़कर समाज की मुख्यधारा में लौटने की अपील की गई। ताकि वे शासन द्वारा संचालित पुनर्वास योजनाओं का लाभ उठाकर सम्मानजनक जीवन जी सकते हैं। पुलिस ने ग्रामीणों से आग्रह करते हुए कहा कि वे माओवादी गतिविधियों तथा किसी भी प्रकार के असामाजिक तत्वों से दूर रहें तथा अपने क्षेत्र में स्थायी शांति, सुरक्षा और समग्र विकास सुनिश्चित करने हेतु पुलिस प्रशासन का सक्रिय रूप से सहयोग करें।*

#### एरिया डॉमिनेशन के दौरान आईईडी ब्लास्ट महिला कमांडो घायल

**जगदलपुर।** सुकमा के फूलबगड़ी थाना क्षेत्र स्थित गोगुण्डा के जंगल क्षेत्र में एरिया डॉमिनेशन के दौरान आईईडी ब्लास्ट की चपेट में आने से डीआरजी की महिला कमाण्डो गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल महिला आरक्षक को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर उपचार के लिए हेलीकाप्टर से रायपुर एयरलिफ्ट किया गया। ब्लास्ट की चपेट में आने स आरक्षक के बाएं पैर व शरीर के अन्य हिस्से में चोट आई है, लेकिन उनकी स्थिति स्थित व खतरे से बाहर है। सुकमा एसपी किरण चव्हाण ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि सुकमा के नव स्थापित कैम्प गोगुंडा (थाना केरलापाल) से डीआरजी व जिला बल की टीम कैम्प गोगुंडा की घाटी लोकेशन आउटपोस्ट की आउटर कॉर्डन सुरक्षा ड्यूटी के लिए रवाना हुई थी। इसी दौरान लगभग दोपहर एक बजे महिला आरक्षक मुचाकी दुर्गा प्रेशर आईईडी ब्लास्ट की चपेट में आ गईं, जिसमें वह घायल हुई है। ब्लास्ट की चपेट में आने से महिला आरक्षक के बाएं पैर की उंगली के हिस्से में चोट आई है। उनकी स्थिति स्थिर व खतरे से बाहर है। प्राथमिक उपचार के बाद उसे बेहतर उपचार के लिए हेलीकाप्टर से रायपुर एयरलिफ्ट किया गया है।



# दो माह से वेतन नहीं, बर्खास्त कर्मियों की बहाली भी लंबित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- एनएचएम कर्मचारियों में बढ़ती निराशा और आक्रोश
- आंदोलन समाप्ति के बाद बनी सहमति, फिर भी बहाली अटकी

राज्य के 16,000 से अधिक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन एनएचएम संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी पिछले दो माह से वेतन नहीं मिला हैं। इस स्थिति ने कर्मचारियों को गंभीर सामाजिक-आर्थिक संकट में धकेल दिया है। परिवार के भरण-पोषण, बच्चों की शिक्षा, किराया, बैंक किस्त भुगतान तथा दैनिक आवश्यकताओं को पूरा करना अत्यंत कठिन हो गया है, जिससे कर्मचारियों में मानसिक तनाव और असंतोष तेजी से बढ़ रहा है। मुख्यमंत्री, स्वास्थ्य मंत्री और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के आश्वासन का आज तक पालन नहीं एनएचएम कर्मचारियों के हालिया आंदोलन के दौरान कर्मचारियों को सेवा से पृथक किया गया था। मुख्यमंत्री, स्वास्थ्य मंत्री एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के हस्तक्षेप के बाद आंदोलन समाप्त किया गया था। इस दौरान बर्खास्त कर्मचारियों की निःशर्त बहाली का स्पष्ट एवं सार्वजनिक आश्वासन दिया गया था। यह विषय कैबिनेट बैठक में पूरा करने की बात पर सहमति बनी थी किंतु दो माह से अधिक समय बीत चुका है। इस दौरान तीन कैबिनेट बैठकें सम्पन्न हो चुकी हैं, इसके बावजूद आज तक बहाली आदेश जारी नहीं किए गए। यह स्थिति प्रभावित कर्मचारियों सहित पूरे एनएचएम कार्मिकों में गहरी निराशा और आक्रोश की भावना को जन्म दे रही है।

#### वर्तमान में कर्मचारियों की प्रमुख मांगें

जिला अध्यक्ष शकुंतला जंघेल ने कहा कि आंदोलन सरकार से सकारात्मक चर्चा एवं विश्वास और सद्भावना के साथ समाप्त किया गया था, किंतु आश्वासन पूरा न होना अत्यंत खेदजनक एवं कर्मचारियों के हितों के विपरीत है। दो माह से लंबित वेतन का तत्काल भुगतान किया जाए। आंदोलन के दौरान सेवा से पृथक किए गए सभी कर्मचारियों की तत्काल बहाली किया जाएं। संघ के प्रदेश प्रवक्ता पुरन दास ने बताया कि राज्य भर के 16000 हजार एनएचएम स्वास्थ्य कर्मचारी इन मांगों को लेकर अपने-अपने जिलों में कलेक्टर के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंप रहे हैं। समस्याओं से शासन को अवगत करा रहे हैं।

# आवापल्ली में अवैध परिवहन 57 क्विंटल धान किया जब्त

**बीजापुर।** धान के अवैध परिवहन और भंडारण पर जिला प्रशासन बीजापुर द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में आज आवापल्ली में एक और महत्वपूर्ण सफलता मिली है। कलेक्टर संबित मिश्रा के निर्देशानुसार तथा अनुविभागीय अधिकारी राजस्व उसूर के मार्गदर्शन में उड़नदस्ता टीम उसूर ने रात लगभग 8 बजे बड़ी कार्रवाई करते हुए एक टाटा 710 वाहन से अवैध रूप से परिवहन किए जा रहे 124 बोरी लगभग 57 क्विंटल मोटा धान को जब्त किया। टीम ने वाहन को आवापल्ली क्षेत्र में रोककर जांच की। जहां बिना किसी वैध दस्तावेज के धान का परिवहन पाया गया। इसके बाद टीम द्वारा पंचनामा तैयार कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की गई। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि धान के अवैध परिवहन पर रोक लगाने के लिए सख्त निगरानी जारी रहेगी और भविष्य में भी इसी प्रकार की कठोर कार्रवाई की जाती रहेगी।



# मंडी की टीम ने किया 6.49 लाख का अवैध मक्का जब्त

- कृषि उपज मंडी का दल रात में भी कर रहे वाहनों की जांच

**जगदलपुर।** कृषि उपज मंडी की टीम पड़ोसी राज्यों से धान के अवैध परिवहन पर कड़ाई से अंकुश लगाने के लिए दिन के साथ-साथ रात में भी वाहनों की तलाशी कर रहे हैं। इसी दौरान कृषि उपज मंडी जगदलपुर के सचिव जितेन्द्र दुबे के निर्देश पर निरीक्षक वीरेन्द्र दिल्लीवार के नेतृत्व में टीम ने ट्रक क्रमांक एपी 39 यूडी 6639 को रोककर तलाशी की। तलाशी में ट्रक में 6 लाख 49 हजार 475 रुपए की लागत का मक्का 525 बोरी 313 क्विंटल अवैध रूप से परिवहन करते पाए गया, कोंडागांव से विशाखापटनम ले जा रहा था। इस पर मंडी अधिनियम अनुसार कार्रवाई की गई। बताया जा रहा है कि छत्तीसगढ़ की सीमा से लगे उड़ीसा के कई गांवों में धान की सही कीमत नहीं मिलती। इसलिए तस्कर उड़ीसा से छत्तीसगढ़ में लाकर इसे किसानों की आड़ में बेचने की कोशिश ▶▶| शेष पेज 12 पर



# दुर्लभ सफेद उल्लू के दर्शन होने से श्रद्धालुओं में उत्साह

**जगदलपुर।** अगहन गुरुवार पर जगन्नाथ मंदिर में सुबह एक दुर्लभ सफेद उल्लू के दर्शन होने से श्रद्धालुओं में उत्साह और आश्चर्य का माहौल बन गया। सुबह ब्रह्म मुहूर्त 4 बजे मंदिर में अचानक आए इस सफेद उल्लू को देखने मंदिर परिसर में भक्तों की भारी भीड़ जुट गई। चूंकि मंदिर परिसर में माता लक्ष्मी का भी मंदिर स्थित है, इसलिए उल्लू के आगमन को भक्त अत्यंत शुभ मान रहे हैं। हिंदू मान्यताओं के अनुसार सफेद उल्लू देवी लक्ष्मी का वाहन है और इसके दर्शन को धन, सुख, समृद्धि, सौभाग्य एवं सकारात्मक ऊर्जा के आगमन का संकेत माना जाता है। इसी कारण अगहन गुरुवार जैसे शुभ दिन पर हुए सफेद उल्लू के दुर्लभ दर्शन ने श्रद्धालुओं की भक्ति और उत्साह को और बढ़ा दिया। स्थानीय लोगों ने इसे अति शुभ संकेत और मां लक्ष्मी का दिव्य आशीर्वाद बताया। कई श्रद्धालुओं ने मंदिर में दीप प्रज्वलित कर विशेष पूजा भी की। सफेद ▶▶| शेष पेज 12 पर



### बिहार जैसी स्थिति छत्तीसगढ़ में दोहराने की कोशिश

# एसआईआर प्रक्रिया लोकतंत्र पर प्रहार : पायलट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

एसआईआर प्रक्रिया पर चुनाव आयोग को स्पष्टता बरतनी चाहिए, क्योंकि यह मुद्दा सीधे-सीधे लोकतंत्र से जुड़ा है। जिस तरह बिहार विधानसभा चुनाव से पहले लाखों वोटरों के नाम सूची से हटाए गए थे। उसी पैटर्न को अब छत्तीसगढ़ में लागू करने की कोशिश हो रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस लगातार सबूत और दस्तावेज प्रस्तुत कर रही है, लेकिन चुनाव आयोग की ओर से स्पष्ट और ठोस कार्रवाई नजर नहीं आ रही।

उक्त बातें अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव सचिन पायलट ने जगदलपुर प्रवास के दौरान एक हॉटल में आयोजित पत्रवार्ता में कही। उन्होंने कहा कि कांग्रेस किसी भी कीमत पर दलित, आदिवासी और ओबीसी वर्ग के मतदाताओं का नाम सूची से कटने नहीं देगी। इन समुदायों की सुरक्षा और अधिकारों को किसी भी सूरत में प्रभावित नहीं होने दिया जाएगा। पत्रवार्ता में कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज, महामंत्री मलकीत सिंग गैदू आदि नेता शामिल रहे।



#### कांग्रेस हमेशा हिंसा के खिलाफ खड़ी रही

श्री पायलट ने बस्तर में चल रहे नक्सल विरोधी अभियान पर कहा कि कांग्रेस ने बस्तर में कई बड़े नेता खोए हैं। पार्टी हमेशा हिंसा के खिलाफ खड़ी रही है। उन्होंने कहा कि कानून-व्यवस्था बनाए रखना जरूरी है और हिंसा में शामिल लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए।

#### पूर्व विधायक गुलाब कमरो का कटा नाम : महंत

नेता प्रतिपक्ष चरण दास महंत ने एसआईआर प्रक्रिया पर सवाल उठाते हुए बड़ा खुलासा किया कि भरतपुर के पूर्व विधायक गुलाब कमरो का नाम उनके ही पैतृक गांव की मतदाता सूची से हटा दिया गया है। महंत ने बताया कि कई बार खोजबीन के बाद उनका नाम रायगढ़ जिले के एक गांव की मतदाता सूची में पाया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि जब कांग्रेस के पूर्व विधायक तक चुनाव आयोग की इस प्रक्रिया से प्रभावित हो सकते हैं, तो आम लोगों को कितनी परेशानी झेलनी पड़ रही होगी, इसका अंदाजा लगाया जा सकता है।

हरिभूमि

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

## सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण -** 149. विजय कुमार डोंगरे पिता\पति स्व. सेवक राम डोंगरे पता - प्रेम नगर लोधी पारा गुढ़ियारी रायपुर, 150. केशव देवांगन पिता\पति हेमलाल देवांगन पता - बीरगांव वार्ड क्र. 26, 151. गौरव साहू पिता\पति मनी साहू पता - सुदामा नगर टिकरापारा रायपुर, 152. ज्योत्सना चौकीदार पिता\पति स्व. सेवक राम डोंगरे पता - पहाड़ी पारा गुदियारी रायपुर, 153. मनीष साय पिता\पति मोहन साय पता - आर.डी.ए छोटी कॉलोनी टिकरापारा, 154. खूबचंद साहू पिता\पति दीनदयाल साहू पता - भनपुरी रायपुर, 155. अनीता ध्रुवंशी पिता\पति स्व. लक्ष्मी सिंह ध्रुवंशी पता - राधास्वामी नगर रायपुर , 156. संस्कार सोनकर पिता\पति स्व. दीपक सोनकर पता- ब्रम्हदेव कॉलोनी भाटागाँव रायपुर, 157. टिकेश्वर साहू पिता\पति जय प्रकाश साहू पता - बोरिया कला, 158. अनीता पटेल पिता\पति देवसिंह पटेल पता - ग्राम पोस्ट टेकारी (कुंडा), 159. हरीश कुमार साहू पिता\पति नारायण साहू पता-परसदा जोशी, 160. अभिषेक साहू पिता\पति द्वारिका प्रसाद साहू पता-शंकर नगर कोष्टा पारा वार्ड 25, 161. डागेश मंडावी पिता\पति चंद्रहास मंडावी पता-सेहरा डबरी वार्ड 08 कॉलोनी, 162. पुर्वाशी साहु पिता\पति रीकेश कुमार साहु पता- रावन भाटा नगरी, 163. उमभावानी साहू पिता\पति शिवकुमार साहू पता- टेड़ेसरा, 164. झाविश साहू पिता\पति रोमलाल साहू पता-कौरिन भाठा बसंतपुर, 165. निशा साहू पिता\पति नरेन्द्र कुमार साहू पता- टेड़ेसरा राजनादगांव, 166. घनश्याम प्रसाद शर्मा पिता\पति अयोध्या प्रसाद पता- वार्ड न. 11 बेमेतरा, 167. विधान मिश्रा पिता\पति प्रफुल्ल मिश्रा पता- भानुप्रतापपुर, 168. रामपाल साहू पिता\पति स्व. रामेशर साहू पता- घुमका, 169. साक्षी घोस पिता\पति एस. घोस पता- न्यू हाउसिंग वार्ड कॉलोनी जगदलपुर, 170. भामा यादव पिता\पति राकेश कुमार यादव पता-कलेक्ट्रेट कॉलोनी मचेवा, 171. संदीप पाण्डेय पिता\पति रामजी प्रसाद पता- कवर्धा, 172. भाव्या पिता\पति अश्वनी कुमार पता-बुगबड़ा 173. देव सिंह बघेल पिता\पति कपिल राम बघेल पता- बांधापारा कोंडागांव, 174. शिव रानी पिता\पति आर. त्रिमूर्तिय पता- भिलाई सेक्ट -9 हॉस्पिटल, 175. देविका सोनी पिता\पति हरीश कुमार सोनी पता-दुर्ग, 176. देवनाथ देवांगन पिता\पति स्व. कवल सिंह देवांगन पता- म.न. 95 वार्ड न. 56 बघेरा दुर्ग, 177. अशोक सिन्हा पिता\पति दुकालू राम सिन्हा पता- गया नगर दुर्ग, 178. सृष्टि चौधरी पिता\पति स्व. राजेश चौधरी पता- प्लाट न. 4/5 राधिका नगर भिलाई, 179. भारती साहू पिता\पति युवराज साहू पता-EWS 8/2 कोसा नगर दुर्ग, 180. टेरेन्स ठाकुर पिता\पति येदलाल ठाकुर पता- वर्मा हार्डवेयर रामनगर मुक्ति धाम भिलाई, 181. आरुशी टंडन पिता\पति हरीश टंडन पता- राम चौक रामनगर सुपेला भिलाई, 182. गरिमा सिन्हा पिता\पति राजेंद्र प्रसाद सिन्हा पता- सुपेला पांच रास्ता भिलाई, 183. कनक लता दिल्लीवार पिता\पति जनक लाल दिल्लीवार पता-विनायकपुर दुर्ग, **बिलासपुर संस्करण -** 184. प्रहलाद सिंह नेताम, पिता/पति-- दाऊराम नेताम, पता - अश्वग्रीन कॉलोनी, सेंदरी जिला बिलासपुर, 185. अक्जा सिद्दिकी, पिता/पति- फिरोज अहमद सिद्दिकी पता- लिंक रोड बिलासपुर, 186. कृष्ण कुमार यादव पिता/पति- स्व.रामस्वरूप यादव, पता- मगरपारा बिलासपुर, 187. विशेष कुमार महानंद पिता/पति- राजकुमार महानंद, पता- जबड़ापारा सरकंडा, बिलासपुर, 188. रविशंकर मिश्रा पिता/पति- अयोध्या प्रसाद मिश्रा पता- सरकंडा, बिलासपुर, 189. मयंक ऊके पिता/पति- अरविंद ऊके, पता- मगरपारा, बिलासपुर, 190. नीलू कुमारी पिता/पति- स्व. यूवेल कुमार, पता- आधार विद्या मंदिर, तालापारा, बिलासपुर, 191. कुंदन कटैलिहा, पिता/पति- नर्मदा कटैलिहा पता- सदर बाजार, बिलासपुर, 192. नंदलाल कोसले पिता/पति- शिव कुमार कोसले, पता- इमलीभाठा, बंधवापारा, बिलासपुर 193. जे. बी. सिद्दिकी पिता/पति- मो. तौफीक सिद्दिकी, पता- इंद्रपुरी रोड, शांति नगर, तिफरा, बिलासपुर, 194. रितेश जग्गा पिता/पति- नानकराम जग्गा, पता- बिलासपुर 195. चंद्रकली टंडन, पिता/पति- स्व. अशोक कुमार सूर्यवंशी पता- सोनवानी गली, मंझवापारा, बिलासपुर, 196. कौशिल्या शर्मा पिता/पति- स्व.गोधन शर्मा पता- दीनदयाल कॉलोनी, मंगला, बिलासपुर, 197. मंजूलता पटेल पिता/पति- नरेशराम पटेल, पता- मंगला, बिलासपुर, 198. गंगोत्री बाई कौशिक पिता/पति- भगवानीराम कौशिक पता- पेण्डारी, बिलासपुर, 199. स्वाति बाजपेयी पिता/पति- उज्वल बाजपेयी, पता- वार्ड नं. 16, वैशाली नगर, बिलासपुर, 200. सुधीर खंडेलवाल पिता/पति- स्व. विष्णु स्वरूप जी पता- ग्रीन गार्डन कालोनी बिलासपुर, 201. सरिता जायसवाल पिता/पति- दीपक जायसवाल, पता- एल आई जी 47, दीनदयाल कॉलोनी, मंगला बिलासपुर, 202. अशोक सूर्यवंशी पिता/पति- गेंदलाल सूर्यवंशी, पता- राजीव गांधी चौक, जरहाभाठा बिलासपुर, 203. तापस चटर्जी पिता/पति- स्व.एम.चटर्जी, पता- हेमू नगर, बिलासपुर, 204. पायल अग्रवाल पिता/पति- स्व. सी.एल. अग्रवाल, पता- तेलीपारा सरजू बगीचा बिलासपुर , 205. देवहूति चंद्रा पिता/पति- केशवराम चंद्रा पता- कपिल नगर सरकंडा, बिलासपुर, 206. गंगोत्री बाई कौशिक पिता/पति-कोमल प्रसाद कौशिक, पता- हांफा, बिलासपुर, **भोपाल संस्करण -** 207. मनीष प्रजापति पिता\पति - उदमसिंह प्रजापति पता-जगदीशपुर इस्लाम नगर, 208. भूरी बाई पिता\पति - दिनेश कुमार पता-इस्लाम नगर बैरसिया रोड भोपाल, 209. अर्शी शेख पिता\पति - आबिद शेख पता- म न 340 हनीफ कॉलोनी भोपाल, 210. मुकेश सेन पिता\पति- प्रेम नारायण सेन पता-52 ग्राम इस्लाम नगर बैरसिया रोड भोपाल, 211. देवेन्द्र भावसार पिता\पति - जानकी वल्लभ पता- भावसार जीरापुर, 212. रमेशचंद्र राठौर पिता\पति - पन्नालाल राठौर पता- जीरापुर, 213. नेहा पिता\पति - रामचंद्र जीरापुर, 214. कनिष्का राठौर पिता\पति - रामबाबू राठौर पता- आवास कॉलोनी जीरापुर, **जबलपुर संस्करण -** 215. संध्या पिता\पति - विजय उसरेठे कुमार पता- कटनी, 216. तन्मय सेन पिता\पति - रत्नेश सेन पता-भट्टा मोहल्ला मुड़वारा कटनी, 217. शिवांश सिंधिया पिता\पति - अमित सिंधिया पता- डॉ राजेंद्र प्रसाद वार्ड मंडला, 218. विकास मरावी पिता\पति - रेवंत सिंह पता- मरावी आमानाला मंडल, 219. रजनी मरावी पिता\पति - रेवंत सिंह मरावी पता-आमानाला मंडल, 220. राकेश मरावी पिता\पति - रेवंत सिंह मरावी पता-आमानाला मंडल, 221. दिव्यांजली वर्मा पिता\पति - धीरेंद्र कुमार विश्वकर्मा पता-पाली उमरिया, 222. संदीप कुमार द्विवेदी पिता\पति - रमेश प्रसाद द्विवेदी वार्ड नंबर 1 समनापुर अनूपपुर।

नियम एवं शर्तें लागू*

शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि

## खबर संक्षेप

### पीढ़ापाल में धूमधाम से मनाया मितानिन दिवस



**कोण्डागांव।** कोंडागांव जिले के विकासखण्ड बड़ेराजपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत पीढ़ापाल पंचायत परिसर में बीते दिनों धुमधाम के साथ मनाया गया मितानिन दिवस और सरपंच प्रतिनिधि के द्वारा मितानिन दिवस पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम की शुरुआत पुजा अर्चना के साथ किया गया। जिसमें प्रमुख रूप से सरपंच अनिता शोरी, सचिव रैनु राम मरकाम, वार्ड पंच प्रमिला मंडावी, वार्ड पंच प्रतिनिधि अनित मरकाम, सरपंच प्रतिनिधि मन्नूराम शोरी एवं बीसी रामबाई मरकाम, मितानिन सुमित्र मरकाम, रामबाई नेताम, सूरोतीन नेताम, मंगना बाई मंडावी, अनिता शोरी, रुपाई यादव और सुनीता मंडावी उपस्तिथ रहे।

### श्रद्धा व उल्लास के साथ मना सत्य साई बाबा का शताब्दी जन्मोत्सव



**कोण्डागांव।** कोंडागांव में भगवान सत्य साई बाबा का शताब्दी जन्मोत्सव धार्मिक उत्साह, भक्ति और आध्यात्मिक ऊर्जा के साथ मनाया गया। सुबह 5 बजे निकले नगर संकीर्तन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। भक्तों द्वारा आयोजित नारायण सेवा में जरूरतमंदों को प्रेमपूर्वक भोजन वितरित किया गया। सेवा के इस आयोजन ने सत्य साई बाबा के "सेवा ही भक्ति है" संदेश को जीवंत कर दिया। शाम 6.30 से 7.30 बजे तक हुई भजन संध्या में भक्तिमय भजनों ने पूरे कार्यक्रम को दिव्य अनुभूति से भर दिया। उपस्थित श्रद्धालुओं ने भक्ति रस से ओत–प्रोत भजनों का आनंद उठाया। जन्मोत्सव कार्यक्रम में साईं समिति के रामप्रसाद शर्मा, अजय श्रीवास्तव, सुभाष नायडू, राय सिंह मसराम, सुनील श्रीवास, संध्या देवागन, मीमांसा कुलदीप, विजय देवांगन सहित अनेक भक्तगणों ने भाग लेकर कार्यक्रम को भव्यता प्रदान की। सबसे प्रेम करो, सबकी सेवा करो संदेश का स्मरण वक्ताओं ने भगवान सत्य साई बाबा के अमर संदेश "सबसे प्रेम करो, सबकी सेवा करो" पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मानवता, करुणा और परोपकार ही जीवन के वास्तविक धर्म हैं।

### मांझीआठगांव में सड़क हादसा, युवक की मौत

**फरसगांव।** नेशनल हाईवे 30 मांझीआठगांव मे बुधवार की रात सड़क हादसे में बाइक सवार ग्राम आदनबेड़ा निवासी किरण नेताम पिता राधेलाल नेताम की दर्दनाक मौत हो गई।



वहीं अन्य बाइक सवार ग्राम बवई निवासी मंगल राम नाग घायल हो गए हैं। जानकारी के अनुसार किरण नेताम बुधवार की रात अपनी बाइक में सवार होकर मांझीआठगांव आ रहा थे। तभी रात करीब 8:30 बजे अज्ञात वाहन ने उसे ठोकर मारी। जिससे उसकी बाइक रोड में रखे स्टॉपर से जा टकराई। बाइक तेज गति मे होने से उसमें सवार किरण स्टॉपर के पास गिर गया। बाईक रगड़ते हुए सामने एक अन्य बाइक से जा टकराई। इस हादसे में किरण को गंभीर चोट आई। वहीं अन्य बाइक में सवार मंगल राम को कम चोटें आईं। दोनों घायलों को उपचार हेतु फरसगांव अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टर ने किरण को मृत घोषित किया। वहीं मंगल राम का उपचार जारी है। परिजनों की रिपोर्ट पर फरसगांव थाना पुलिस ने गुरुवार को मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सुपुर्द कर अज्ञात वाहन के खिलाफ अपराध दर्ज कर विवेचना कर रही है.

# दिव्यांग को मिला आधार कार्ड, अब खुलेंगे शासन की सभी योजनाओं के द्वार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव/ कोण्डागांव

खबर का असर

फरसगांव विकासखंड के ग्राम सोढ़मा की मानसिक दिव्यांग बालिका गणेश्वरी मण्डावी का जन्म प्रमाण पत्र और आधार कार्ड नहीं होने से वह शासन की सभी योजनाओं से वंचित थी। कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना को जैसे ही जानकारी मिली, उन्होंने तुरंत कार्रवाई के आदेश दिए। बालिका के जन्म प्रमाण पत्र न होने और मानसिक दिव्यांगता के कारण आधार बनाने में आ रही दिक्कत को जिला प्रशासन ने चुनौती के रूप में लिया। पहले जन्म प्रमाण पत्र बनवाया गया, फिर विशेष प्रयासों से आधार पंजीयन पूरा किया गया।

बुधवार को एसडीएम फरसगांव अश्वन कुमार पुसाम, उपसंचालक समाज कल्याण श्रीमती ललिता लकड़ा, जनपद सीईओ रूपेंद्र नेताम, ईडीएम शांतनु शुक्ला, सरपंच–सचिव की मौजूदगी में गणेश्वरी के माता–पिता को घर जाकर आधार कार्ड सौंपा गया। अब बालिका को दिव्यांग पेंशन, छात्रवृत्ति और अन्य योजनाओं का लाभ मिल सकेगा।



दिव्यांग बच्ची को नहीं मिल पा रहा शासन की योजनाओं का लाभ

## कलेक्टर नूपुर के निर्देश पर गणेश्वरी के घर पहुंचकर सौंपा आधार कार्ड



### परिवार ने कहा : प्रशासन ने हमारी बेटी को नया जीवन दिया

गणेश्वरी के माता–पिता ने खुशी जताते हुए कहा, "आज तक कोई अधिकारी घर नहीं आया। आज आधार कार्ड हाथ में देखकर रो पड़े। प्रशासन का बहुत–बहुत धन्यवाद। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मंशानुरूप कोई भी हितग्राही योजना से वंचित न रहे इस संकल्प को जिला प्रशासन ने साकार कर दिखाया। कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि दिव्यांगजनों, बुजुर्गों और जरुरतमंदों के आधार–अन्य दस्तावेजों में किसी तरह की दिक्कत न रहे। गणेश्वरी की मुस्कान आज पूरे जिला प्रशासन की सबसे बड़ी उपलब्धि बन गई।

**आयोजन:** जिला कार्यालय में अधिकारियों की ली मैराथन बैठक

# वनमंत्री ने अफसरों को लगाई फटकार कहा- हर योजना अंतिम छोर तक पहुंचे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री केदार कश्यप ने जिला कार्यालय सभाकक्ष में नारायणपुर विधानसभा क्षेत्र की सभी शासकीय योजनाओं और निर्माण कार्यों की गहन समीक्षा की। मंत्री ने अधिकारियों को फटकार लगाते हुए कहा कि शासन की प्राथमिकता अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुंचाना है, इसमें कोई कोताही बर्दाश्त नहीं होगी। योजना का लाभ अंतिम छोर तक पहुंचाएं।

- सुदूर अंचलों में शिक्षा–स्वास्थ्य और सड़क पर विशेष फोकस

मंत्री श्री कश्यप ने स्वास्थ्य केंद्रों में मानव संसाधन और आवश्यक उपकरणों की उपलब्धता पर सख्त निर्देश दिए। गर्भवती माताओं व कुपोषित बच्चों के स्वास्थ्य–पोषण पर विशेष निगरानी रखने को कहा। सभी ग्राम पंचायतों को ब्लॉक मुख्यालय से जोड़ने की योजना बनाएं। उन्होंने हर गांव तक सड़क, बिजली, पानी और इंटरनेट पहुंचाने के लिए योजनाबद्ध कार्य करने के निर्देश दिए। सभी निर्माण कार्य गुणवत्ता के साथ समय–सीमा में पूरे हों।



### सेवा ही सर्वोपरि, हर गांव तक पहुंचेगा विकास : केदार कश्यप

***नारायणपुर।*** *जिले में विकास को गति देते हुए दो महत्वपूर्ण सड़क परियोजनाओं को प्रशासकीय स्वीकृति प्राप्त हुई है। लोक निर्माण विभाग वारा कोटगांव से उड़िदगांव तक 4 किमी लंबी पक्की सड़क पुल-पुलिया सहितके लिए 5.13 करोड़ तथा मुजमेटा से टिमनार तक 2.60 किमी सड़क निर्माण पुल-पुलिया सहित के लिए 3.34 करोड़ की स्वीकृति दी गई है। इस अवसर पर केदार कश्यप ने कहा सेवा ही मेरी सर्वोच्च प्राथमिकता है। मेरा संकल्प है कि हर गांव तक सड़क, बिजली, पानी और शिक्षा जैसी बुनियादी सुविधाएं पहुंचे। यह सड़कें केवल निर्माण कार्य नहीं हैं, बल्कि यह गांवों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने वाली जीवनरेखा बनेंगी। यहां का विकास हमारे लिए सिर्फ परियोजना नहीं, एक संकल्प है।"इन सड़कों के माध्यम से ग्रामीणों को आवागमन की सुविधा मिलेगी, आर्थिक गतिविधियों को बल मिलेगा और शिक्षा व स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच आसान होगी।*

### सूर्य घर, उज्ज्वला मॉडल आंगनबाड़ी की बारीकी से समीक्षा

बैठक में धान खरीदी–पंजीयन की स्थिति, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना, मॉडल आंगनबाड़ी, उज्ज्वला योजना और कर्मयोगी अभियान की प्रगति की विस्तृत समीक्षा हुई। मंत्री ने श्रमिक पंजीयन में तेजी लाने गांव–गांव शिविर लगाने और ग्रामीणों को दुग्ध उत्पादन, पशुपालन, मत्स्य पालन से जोड़कर आर्थिक रूप से मजबूत बनाने पर जोर दिया।

### बैठक में ये रहे मौजूद

जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रीता सोरी, कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना, एसपी पंकज चन्द्रा, डीएफओ चूड़ामणि सिंह, जिला पंचायत सदस्य नंदलाल राठौर, अविनाश भोई, अपर कलेक्टर चित्रकांत चार्ली ठाकुर सहित सभी विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# जिले में धान खरीदी ने पार किया एक लाख क्विंटल का आंकड़ा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

खरीफ विपणन वर्ष 2025–26 में जिले के समर्थन मूल्य उपार्जन केंद्रों पर धान खरीदी जोर–शोर से जारी है। अब तक कुल 1 लाख 1 हजार 639 क्विंटल धान की खरीदी हो चुकी है। ग्राम बफना के किसान गोपाल कोर्राम अपने पिता के साथ मंगलवार को बफना धान खरीदी केंद्र पहुंचे और पहली बार समर्थन मूल्य पर धान बेचा। गोपाल ने बताया कि उनके पिता के नाम से 140 क्विंटल का टोकन जारी हुआ है। परिवार के लिए यह दिन यादगार बन गया। गोपाल के परिवार के पास करीब 7 एकड़ जमीन है और वे पूरी तरह खेती–किसानी से ही गुजारा करते हैं। इस बार 3,100 रुपये प्रति क्विंटल के अच्छे दाम मिलने से परिवार में खुशी का माहौल है। गोपाल कोर्राम ने कहा पहली बार इतना अच्छा रेट मिला है। टोकन सिस्टम से कोई परेशानी नहीं हुई और तौल–भुगतान सब पारदर्शी तरीके से हो रहा है। जिले में धान खरीदी पूरी पारदर्शिता और सुगमता से जारी है। अधिकांश किसानों ने कहा कि इस बार की व्यवस्था पिछले वर्षों से कहीं बेहतर है। खाद्य विभाग ने सभी केंद्रों पर पूरी तैयारी रखी है ताकि एक भी किसान को कोई असुविधा न हो।

- ग्राम बफना के गोपाल कोर्राम ने पहली बार बेचा धान
- 25 नवंबर तक कुल 1,01,639 क्विंटल धान की खरीदी पूर्ण

# आठ बीएलओ ने समय से पहले 100% कार्य पूरा कर रचा रिकॉर्ड



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

भारत निर्वाचन आयोग के विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर अभियान में जिले के 8 बूथ लेवल अधिकारियों बीएलओ ने समय–सीमा से पहले ही 100: कार्य पूर्ण कर नया कीर्तिमान स्थापित किया। इन्हें आज जिला कार्यालय सभाकक्ष में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने प्रशस्ति–पत्र देकर सम्मानित किया।

- एसआईआर अभियान में उत्कृष्ट प्रदर्शन पर कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना ने किया सम्मानित
- मतदाता सूची को शुद्ध व अद्यतन बनाने में निर्णायक योगदान अन्य बीएलओ को भी मिली प्रेरणा

सुरडोंगर–3 गौरगांव सावन कुमार सोनवानी माध्यमिक शाला गौरगांव, कौन्दकेरा हेमन्त कुमार साहू उ.मा.वि. विश्रामपुरी, प्रधानचेर्री किशोर कुमार नरेटी माध्यमिक शाला प्रधानचेर्री, ब्यालपुर मानसाय नाग माध्यमिक शाला ब्यालपुर। कराठीआलवाड़ उमेश कुमार देवांगन उ.प्रा.शाला कराठीआलवाड़, उलेरा–1 शिवलाल मरकाम उ.प्रा.शाला उलेरा, बेलोण्डी नील कुमार नाग प्राथमिक शाला बेलोण्डी, बड़ेकनेरा संजय पटेल प्राथमिक शाला खुटगुड़ा, कलेक्टर ने कहा आपके समर्पण से मतदाता सूची होगी और शुद्ध श्रीमती पन्ना ने बीएलओ को बधाई देते हुए कहा कि इनका समर्पण और मेहनत मतदाता सूची को शत–प्रतिशत शुद्ध एवं अद्यतन बनाने में मील का पत्थर साबित होगा। अन्य बीएलओ भी इनसे प्रेरणा लें।

### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में जिला पंचायत अविनाश भोई, अपर कलेक्टर चित्रकांत चार्ली ठाकुर एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। कलेक्टर ने शेष बीएलओ को भी शीघ्र शत–प्रतिशत लक्ष्य पूरा करने के निर्देश दिए। जिले में एसआईआर अभियान पूरी तेजी और पारदर्शिता के साथ चल रहा है।


# एसआईआर, धान खरीदी को दें सर्वोच्च प्राथमिकता



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना की अध्यक्षता में मंगलवार को जिला कार्यालय सभाकक्ष में साप्ताहिक समय–सीमा बैठक संपन्न हुई। बैठक में शासन की सभी प्रमुख योजनाओं और निर्माण कार्यों की प्रगति की बारीकी से समीक्षा की गई। कलेक्टर ने मतदान केंद्रवार प्रगति जानी और कम प्रगति वाले केंद्रों पर विशेष ध्यान देने को कहा। सभी एसडीएम, तहसीलदारों को तेजी लाने तथा ग्राम पंचायतों के नोडल अधिकारियों को अपने–अपने गांव में नियमित निरीक्षण करने के निर्देश दिए। नगरीय क्षेत्रों में भी एसआईआर को गति देने पर जोर दिया गया। धान खरीदी की समीक्षा में कलेक्टर ने सभी उपार्जन केंद्रों में ऑनलाइन टोकन व्यवस्था, तौल कांटा, बारदाना, भुगतान सहित हर सुविधा को पूरी तरह चुस्त–दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के सभी हितग्राहियों को अपने घर की छत पर सोलर पैनल लगाने के लिए प्रेरित करें और बैंकों में लंबित ऋण स्वीकृति प्रकरणों को तुरंत निपटाएं। बैठक में केशकाल मार्ग मरम्मत, कोण्डागांव बायपास, एनएच रिटेनिंग वॉल, नए विद्युत सब–स्टेशन, महतारी सदन, अटल डिजिटल सेवा केंद्र, पुल–पुलिया और सड़कों के निर्माण की विस्तृत समीक्षा हुई। सभी कार्य गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय में पूर्ण करने के कड़े निर्देश दिए गए। बैठक में जिला पंचायत अविनाश भोई, अपर कलेक्टर चित्रकांत चार्ली ठाकुर, सभी एसडीएम और विभागों के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

- कलेक्टर ने समय सीमा की बैठक में दिए निर्देश
- साप्ताहिक बैठक में सभी योजनाओं–निर्माण कार्यों की गहन समीक्षा



### जनदर्शन में कलेक्टर ने सुनी ग्रामीणों की समस्याएं

**कोण्डागांव।** कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने मंगलवार को जिला मुख्यालय के सभाकक्ष में साप्ताहिक जनदर्शन कार्यक्रम में जिले के सुदूर गांवों से आए ग्रामीणों से मुलाकात की और उनकी समस्याएं धैर्यपूर्वक सुनीं। बड़ेउसरी के संतु राम कोर्राम और कोकोड़ी के संतोष कुमार लंगुरिया, सियाराम यादव, चंदरूराम यादव ने वन अधिकार पत्र की मांग की आंवराभाटा के पुनीतराम नेताम ने नवीन आंगनबाड़ी भवन की मांग रखी डोगरीगुड़ा के हिरऊराम सलाम ने प्रधानमंत्री आवास की गुहार लगाई। ग्रामीणों ने राजस्व संबंधी पुराने प्रकरण, आंगनबाड़ी केंद्रों की कमी, मोबाइल नेटवर्क की समस्या और अन्य स्थानीय मुद्दों पर भी आवेदन दिए। कलेक्टर ने सभी आवेदनों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभागों को प्राथमिकता से निराकरण करने के मौके पर ही निर्देश दिए। जनदर्शन में जिला पंचायत अविनाश भोई, अपर कलेक्टर चित्रकांत चार्ली ठाकुर और सभी संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। कई प्रकरणों का मौके पर ही मार्गदर्शन कर निराकरण शुरू कराया गया।

**अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद की दो दिवसीय प्रतिनिधि सभा**

# जिले में चल रहे नि:शुल्क सैन्य प्रशिक्षण की इंदौर में प्रशंसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

राष्ट्रीय अध्यक्ष लेफ्टिनेंट जनरल वी. के. चतुर्वेदी की अध्यक्षता में छत्तीसगढ़ के कार्यों को मिली उच्च सराहना 22–23 नवंबर को मालवा प्रांत, इंदौर में आयोजित हुई बैठक अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद की दो दिवसीय सामान्य प्रतिनिधि सभा 22 और 23 नवंबर को इंदौर में राष्ट्रीय अध्यक्ष लेफ्टिनेंट जनरल वीके चतुर्वेदी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में देशभर से आए पदाधिकारीगण एवं सदस्य शामिल हुए।

बैठक में मालवा प्रांत के अंतर्गत आने वाले मध्यप्रदेश के सभी जिला पदाधिकारियों ने अपने–अपने क्रियाकलापों एवं उपलब्धियों की विस्तृत प्रस्तुति दी। प्रत्येक इकाई ने सामाजिक, राष्ट्रीय और सैन्य हितों से जुड़ी गतिविधियों की रिपोर्ट साझा की। छत्तीसगढ़ से आए प्रतिनिधि मंडल में



प्रांत मीडिया प्रभारी देवेंद्र डडसेना कोंडागाँव जिला अध्यक्ष सुरज यादव उपस्थित रहे। दोनों प्रतिनिधियों ने छत्तीसगढ़ प्रदेश में पिछले तीन वर्षों में किए गए कार्योंर, सैन्य प्रशिक्षण गतिविधियों, सेवा भाव से जुड़े कार्यक्रमों और जनजागरूकतनों की विस्तृत जानकारी सभा के समक्ष प्रस्तुत की। राष्ट्रीय अध्यक्ष लेफ्टिनेंट जनरल वी. के. चतुर्वेदी ने छत्तीसगढ़ इकाई के कार्यों की सराहना करते हुए खास तौर पर कोंडागाँव जिले में चल रहे निशुल्क सैन्य प्रशिक्षण की अत्यधिक प्रशंसा की। उन्होंने इसे प्रदेश के युवाओं में देशभक्ति और अनुशासन को मजबूत बनाने वाली उत्कृष्ट पहल बताया। राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा निम्न अधिकारियों को ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया गया देवेंद्र डडसेना, छत्तीसगढ़ मीडिया प्रभारी सुरज यादव, कोंडागाँव जिला अध्यक्ष श्रीमती श्यामा साहू, छत्तीसगढ़ सैन्य मातृशक्ति अध्यक्ष यह सम्मान उनके उत्कृष्ट कार्य, संगठनात्मक योगदान एवं सामाजिक सेवाओं के लिए दिया गया।

### राष्ट्रभाव जागरण पर जोर : राष्ट्रीय अध्यक्ष का उद्बोधन

अपने संबोधन में लेफ्टिनेंट जनरल वीके चतुर्वेदी ने कहा कि संगठन का प्रमुख लक्ष्य है देश के प्रत्येक नागरिक के हृदय में देशभक्ति की भावना जागृत करना कुटुंब प्रबोधन नागरिक कर्तव्य का पालन सामाजिक समरसता स्वदेशी आचरण पर्यावरण संरक्षण उन्होंने इन सभी विषयों पर अपने प्रेरणादायक विचार प्रस्तुत किए और संगठन को नई ऊँचाइयों की ओर अग्रसर करने का आह्वान किया।

### वरिष्ठ राष्ट्रीय पदाधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति

कार्यक्रम में संगठन के अनेक वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे, जिनमें प्रमुख हैं वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एयर वाइस मार्शल एचपी सिंह राष्ट्रीय सचिव सार्जेंट रमेश पांडे राष्ट्रीय सैन्य मातृशक्ति अध्यक्ष श्रीमती माया कौल मालवा प्रांत अध्यक्ष विंग कमांडर डीपी तिवारी मध्य प्रदेश अध्यक्ष मेजर जनरल तेजपाल सिंह रावत मध्यप्रांत अध्यक्ष ब्रिगेडियर शिवेंद्र सिंह महाकौशल प्रांत मेजर जनरल निश्चय रावत इसके साथ ही मध्यप्रदेश के समस्त जिलों से आए पदाधिकारी एवं सदस्यगण उपस्थित रहे।

# केशकाल में प्रदेश प्रभारी पायलट का भव्य स्वागत



**केशकाल ।** बस्तर प्रवास पर पहुंचे प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट का केशकाल आगमन पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। बस स्टैंड परिसर में आयोजित कार्यक्रम में पायलट ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया एवं एसआईआ कार्यक्रम के तहत बीईओ साथियों की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने बूथवार मतदाता विवरण, व्यवस्थाओं और चुनावी प्रक्रियाओं पर चर्चा करते हुए जिम्मेदार पदाधिकारियों को स्पष्ट दिशा-निर्देश दिए, ताकि आगामी संगठनात्मक कार्ययोजना और अधिक सुदृढ़ व प्रभावी हो सके। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज, नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत, प्रभारी सचिव डॉ. एस. ए. सम्पत, जरिता लैतफलांग, विजय जांगिड़, सांसद फूलोदेवी नेताम समेत कई विधायक, वरिष्ठ नेता और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम में कांग्रेसजनों ने सचिन पायलट को संविधान की प्रति भेंट कर सम्मान भी प्रदान किया। पूर्व विधायक संतराम नेताम, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष देवचंद मातलाम सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता कार्यक्रम में शामिल हुए।

पेज 11 के शेष

### मंडी की टीम...

करते हैं। इसलिए पड़ोसी राज्यों से लगने वाली राज्य की सीमाओं को सील किया गया है।

**परिवहन की निगरानी की जा रही–** कृषि उपज मंडी जगदलपुर के निरीक्षक वीरेन्द्र दिल्लीवार ने बताया कि धनपूंजी नाका में मंडी के कर्मचारी तैनात किया गया है, जो उपज की परिवहन की निगरानी की जा रही है।

### दुर्लभ सफेद उल्लू ...

उल्लू अत्यंत दुर्लभ माना जाता है, इसलिए इसके दर्शन को लोग दिव्य अनुभव मानते हैं। लक्ष्मी मंदिर के पुजारी शुभांशु पाढ़ी ने बताया कि आज सुबह ब्रह्म मुहूर्त 4 बजे सफेद उल्लू जगन्नाथ मंदिर में आया। अगहन गुरुवार होने के कारण आज माता लक्ष्मी का विशेष श्रृंगार किया गया और अमृत भोग लगाया गया। यह बहुत शुभ संयोग है। शहर में यह घटना पूरे दिन चर्चा का विषय बना रहा।

## खबर संक्षेप

### चर्म रोग की रोकथाम के लिए लगाया शिविर



**गीदम।** एसबीआई फाउंडेशन और परिवर्तन समाज विकास समिति के सहयोग से ग्रापं कमालूर में चर्म रोग निवारण विषेशज्ञ स्वास्थ शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों के रहवासियों में चर्म रोग संबंधी बीमारियों की रोकथाम और उपचार के प्रति जागरूकता फैलाना था। विशेषज्ञ डॉक्टर और परिवर्तन समाज विकास समिति दंतेवाड़ा टीम ने 172 मरीजों का निशुल्क उपचार कर दवाइयां वितरित की। इसके अतिरिक्त 89 लोगों के रक्त की जाँच भी की गई । जिससे उनकी स्वास्थ समस्याओं का गहराई से विश्लेषण और उपचार सुनिश्चित कर सके इस शिविर में परिवर्तन समाज विकास समिति दंतेवाड़ा के परियोजना समन्वयक मोहनीश कुमार यादव, विशेष डॉक्टर व्यासनारायण पैंकरा, फार्मासिस्ट सविता भारती, लैब टेक्नीशियन गेंद कुमारी यादव, स्टाफ नर्स उर्वशी मांझी, पायलेट राजेश ताती ने अपनी सेवाएं प्रदान की। इस शिविर मे ग्राम के सरपंच, सचिव, उपसरपंच एवं पंचगण और मितानिन तथा स्वास्थ विभाग का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा।

### न्यायालय में प्रस्तावना का किया गया वाचन



**दंतेवाड़ा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से प्राप्त जानकारी अनुसार संविधान दिवस के अवसर पर जिला एवं सत्र न्यायालय प्रांगण में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश संतोष कुमार आदित्य द्वारा न्यायाधीशों, कर्मचारियों, उपस्थित पक्षकारों को संविधान का महत्व बताते हुए प्रस्तावना का वाचन संपन्न किया गया। इसके अलावा जिला जेल दंतेवाड़ा में संविधान दिवस के अवसर पर विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दंतेवाड़ा अनन्त दीप तिर्की द्वारा जिला जेल दंतेवाड़ा में निरूद्ध बंदियों को संवैधानिक मूल्यो एवं संविधान का महत्व बताया गया, साथ ही निरूद्ध बंदियों को उनके संवैधानिक अधिकारों की भी जानकारी दी गई एवं उन्हें शिक्षा का महत्व बताते हुए साक्षर होने हेतु प्रोत्साहित किया गया। इस दौरान सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा निरूद्ध बंदियों से उनके विधिक समस्याओं एवं निराकरण के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई।

# प्रदेश प्रभारी सचिन व अध्यक्ष दीपक का विधायक लखेश्वर ने किया आत्मीय स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ घाटलोहंगा/भोण्ड



आज बस्तर आगमन पर प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट तथा प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज का नगर पंचायत बस्तर चौक में बस्तर

■ बस्तर संगठन को नई ऊर्जा और दिशा मिलेगी : विधायक

विधायक लखेश्वर बघेल के नेतृत्व में कांग्रेसजनों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा उत्साहपूर्ण और आत्मीय स्वागत किया गया। शाम से ही भारी संख्या में कार्यकर्ता और समर्थक नगर पंचायत बस्तर चौक में एकत्र होकर शीर्ष नेतृत्व के आगमन का बेसब्री से इंतजार कर रहे थे जैसे ही नेताओं का काफिला स्थल पर पहुंचा, कार्यकर्ताओं ने फूल-मालाओं, नारों और तालियों की गड़गड़ाहट के साथ उनका स्वागत किया।

बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल ने प्रदेश नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके आगमन से बस्तर संगठन को नई ऊर्जा और दिशा मिलेगी। प्रदेश प्रभारी एवं अध्यक्ष के आगमन से कार्यकर्ताओं में जोश और उमंग का संचार हुआ है, जो आगामी राजनीतिक गतिविधियों को और मजबूत बनाएगा। इस अवसर पर दोनों वरिष्ठ नेताओं ने कार्यकर्ताओं से मुलाकात की और संगठनात्मक मजबूती, जनसमस्याओं के निराकरण तथा जनता के बीच सक्रियता बढ़ाने पर जोर दिया। नेताओं ने कहा कि बस्तर कांग्रेस की मजबूत भूमि है और यहां के कार्यकर्ताओं का समर्पण हमेशा पार्टी की शक्ति रहा है।

पूरे कार्यक्रम के दौरान बस्तर चौक उत्साह, जोश और कांग्रेस जयकारों से गूंजता रहा। स्वागत समारोह के पश्चात दोनों नेता अपने निर्धारित कार्यक्रमों में शामिल होने के लिए आगे प्रस्थान किए।



### नगर पंचायत बस्तर में धान खरीदी केंद्र का निरीक्षण

बस्तर। नगर पंचायत बस्तर के धान खरीदी केंद्र का निरीक्षण नगर पंचायत अध्यक्ष देवकी भद्रे, उपाध्यक्ष अनिल परिहार, पार्षद नरसिंह नागेश, बंशीधर कश्यप और मुख्य नगर पालिका अधिकारी तरुण पाल लहरे ने किया। इस दौरान उन्होंने किसानों से चर्चा की और प्रभारी को निर्देश दिए कि किसानों से धान खरीदी बिना किसी परेशानी के की जाए। लेम्पस प्रबंधक ने बताया कि प्रतिदिन 1000 क्विंटल धान का टोकन देने का निर्देश है और शासन के निर्देशानुसार धान खरीदी सुचारू रूप से चालू है। निरीक्षण के दौरान जनप्रतिनिधियों ने धान खरीदी केंद्र की व्यवस्था का जायजा लिया और आवश्यक निर्देश दिए।

## प्रशांत नायक की उपलब्धि पर समाज ने किया सम्मान

# पीएससी परीक्षा पास कर आबकारी उप निरीक्षक अधिकारी का पद की हासिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बस्तर



अखिल भारतीय आदिवासी हल्बा/ हल्बी समाज भानपुरी के द्वारा प्रशांत नायक को सम्मानित किया गया। प्रशांत ने छत्तीसगढ़ पीएससी परीक्षा पास कर आबकारी उप निरीक्षक अधिकारी का पद हासिल किया।

■ सीमित संसाधनों के बावजूद हासिल की उपलब्धि

प्रशांत के पिता अभय राम नायक शिक्षक एवं माता सुमित्रा नायक गृहिणी भानपुरी बस्तर के निवासी है।

जानकारी देते हुए बताया कि प्रशांत नायक छत्तीसगढ़ पीएससी परीक्षा पास कर आबकारी उपनिरीक्षक अधिकारी का पद हासिल किया, सीमित संसाधनों वाले ग्रामीण परिवेश से निकल कर प्रशांत ने यह उपलब्धि हासिल कर यह साबित कर दिया है कि जज्बा सही दिशा और मेहनत हो तो बस्तर के युवा किसी भी मंच पर अपनी क्षमता का लोहा मनवा सकते है। समाज के पदाधिकारी ने सम्मान कार्यक्रम बस्तर की अराध्य मां दंतेश्वरी को हृदय में स्मरण करते हुए भानुप्रताप चुरेन्द्र सीईओ जनपद पंचायत बस्तर के कर कमलों से वेच लगाकर एवं छेदीलाल बघेल सचिव सामान्य प्रकोष्ठ बालेंगा बस्तर के द्वारा पागा बांध कर सम्मानित किया। तत्पश्चात समाज के पदाधिकारियों ने चांवल तिलक लगाकर बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना करते मोमेंटो देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में विशेष रूप से पीयूष नायक अध्यक्ष आदिवासी हल्बा/ हल्बी समाज शाखा भानपुरी, पुरुषोत्तम तारम, बिमल तारसा, जगदीश पटेल, देवेन्द्र कुमार नाग, लाल सिंह ठाकुर, शीला तारम विक्रमसिंह कुदराम, हरीश कुमार नाग, नरेश कुमार भलेंद्र, मनीष देव, सुखचंद बघेल, अरविन्द भोयर, साहिल पाथरे, खिलेश्वरी नायक, उर्मिला कुदराम, सुश्री पायल मसिया, टिकेश भोयर सहित समाज के लोग उपस्थित थे।

**आत्मविश्वास जरूरी**

प्रशांत कुमार नायक ने बताया कि पीएससी की तैयारी मैंने बिलासपुर में रह कर किया है, नियमित कोचिंग और टेस्ट एक प्रमुख उपाय है। पीएससी के लिए निरन्तरता, धैर्य, आत्मविश्वास बहुत जरुरी है। कोचिंग की थी किन्तु सेफ स्टेडि से भी किया जा सकता है। शिक्षा देश और समाज की प्रगति और विकास के लिए एक मूल आधार है। यह न केवल व्यक्ति के जीवन को बेहतर बनाती है।

# सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा



हरिभूमि न्यूज ⏭ दंतेवाड़ा

नगर पंचायत बारसूर में इन दिनों सरकारी जमीन पर अवैध कब्जे का मामला गंभीर रूप लेता दिख रहा है। वार्ड क्रमांक 12 दीनदयाल उपाध्याय वार्ड में व्यापारी गीता गुप्ता पति मनोज

■ कांग्रेसी पार्षदों ने लगाया गंभीर आरोप

गुप्ता द्वारा कथित रूप से सरकारी भूमि पर अवैध मकान निर्माण किए जाने का आरोप सामने आया है।

कांग्रेस पार्षद शिवांशु सूर्यवंशी, निर्मल पुजारी और मोहित प्रधान ने कहा कि नगर पंचायत क्षेत्र के कई वार्डों में सरकारी जमीनों पर लगातार अवैध निर्माण हो रहे हैं लेकिन नगर पंचायत प्रशासन और तहसील कार्यालय इन अवैध गतिविधियों को रोकने में पूरी तरह नाकाम साबित हो रहे हैं। पार्षदों ने बताया कि जिस भूमि पर निर्माण कार्य जारी है वह पूरी तरह सरकारी है और इस क्षेत्र में पहले से शासकीय शिक्षकों के लिए बने आवास मौजूद हैं। आवासीय परिसर के बीच निजी जमीन का दावा करना स्वयं में संदेह पैदा करता है। पार्षदों का आरोप है कि निर्माण कार्य को छिपाने के लिए सड़क किनारे त्रिपाल लगाकर काम किया जा रहा है ताकि किसी की नजर न पड़े और प्रशासन की कार्रवाई से बचा जा सके।

**पटवारी के जांच प्रतिवेदन का इंतजार**

इस मामले पर बारसूर तहसीलदार पूनम ठाकुर ने कहा कि विवादित स्थान पर निर्माण कार्य रुकवा दिया गया है। उन्होंने बताया कि पटवारी के जांच प्रतिवेदन का इंतजार है। रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट होगा कि जमीन सरकारी है या निजी। पार्षदों का कहना है कि यदि प्रशासन समय रहते कार्रवाई नहीं करता तो अवैध कब्जों के बढ़ने से नगर पंचायत की सरकारी भूमि लगातार प्रभावित होती रहेगी।

# लोक गायिका अलका पहुंची आदिवासी विद्यार्थियों के बीच

हरिभूमि न्यूज ⏭ गीदम



कला एवं संगीत महाविद्यालय जावंगा गीदम में छत्तीसगढ़ की सुप्रसिद्ध लोकगायिका अलका चंद्राकर परगनिहा का आगमन हुआ। उनके स्वागत में महाविद्यालय परिसर उत्साह और उमंग से भर उठा। कार्यक्रम के दौरान अलका चंद्राकर ने विद्यार्थियों को संगीत की विभिन्न बारीकियों से अवगत कराया तथा सुर, ताल, लय और अभिव्यक्ति पर विशेष मार्गदर्शन दिया।

उन्होंने छात्रों को नियमित अभ्यास, अनुशासन और रियाज़ को संगीत-साधना का मूल आधार बताते हुए निरंतर सीखते रहने की प्रेरणा दी। विद्यार्थियों ने भी उत्साहपूर्वक प्रश्न पूछकर अपनी जिज्ञासाओं का समाधान प्राप्त किया। महाविद्यालय के प्राध्यापकों ने बताया कि अलका चंद्राकर जैसी प्रतिष्ठित कलाकार का मार्गदर्शन विद्यार्थियों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगा। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों एवं प्राध्यापकों ने उनके प्रति आभार व्यक्त किया।गौरतलब है कि कला एवं संगीत महाविद्यालय जिला प्रशासन दंतेवाड़ा के सौजन्य से वीरांगना मासक देवी नाग शासकीय नवीन आदर्श महाविद्यालय जावंगा के अंतर्गत संचालित है। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ विवेक शर्मा एवं संचालन नोडल अधिकारी सुरेश कुमार यादव ने की। इस दौरान समस्त प्राध्यापकगण, हॉस्टल अधीक्षक एवं समस्त कर्मचारी उपस्थित रहें। छत्तीसगढ़ी लोकसंगीत की महक से महाविद्यालय का वातावरण सुरमय हो उठा और विद्यार्थियों में नए उत्साह का संचार हुआ।

### असत्य गणना प्रपत्र भरना दंडनीय

**बीजापुर।** मतदाता सूचियों का विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य 4 नवंबर से प्रारंभ हो गया है। निर्वाचकों को गणना प्रपत्र का वितरण लगभग पूर्ण कर लिया है और वर्तमान में गणना प्रपत्रों के संग्रहण व डिजिटलीकरण का कार्य प्रगति पर है। नागरिकों से अपील की गई है कि यदि मृत व्यक्ति या ऐसे व्यक्ति के संबंध में गणना प्रपत्र जमा करना जो अब भारतीय नागरिक नहीं रहा है या ऐसे निर्वाचक जिनका नाम मतदाता सूची में एक से अधिक स्थानों पर दर्ज है और वह एक से अधिक स्थानों के संबंध में गणना प्रपत्र जमा करता है और इस प्रकार गणना प्रपत्र में गलत या असत्य जानकारी की घोषणा करता है जो कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 की धारा 31 के तहत दंडनीय है।



### संविधान दिवस पर डॉ. भीमराव अंबेडकर के छाया चित्र में किया माल्यार्पण

**लोहंडीगुड़ा।** उसरीबेड़ा बाजार में शहीद स्मारक स्थल पर संविधान दिवस के अवसर पर डॉ. भीमराव अंबेडकर के छाया चित्र में माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित किया गया। संविधान में दिए गए अधिकारों को जनता के सम्मुख बताया गया। इस अवसर पर सर्व आदिवासी के संभागीय अध्यक्ष हिड़मो राम मंडावी, मधु बघेल सरपंच उसरीबेड़ा, गुड्डु कश्यप सरपंच धूरागांव, टंकेश्वर भारद्वाज, कृष्णा ठाकुर, पूनम बैज, रामू राम मौर्य, मानसिंह बाकड़े, जानकी राम सहित सर्व आदिवासी समाज के लोगों की उपस्थिति रही।

# कुलपति ने किया कृषि विज्ञान केंद्र का भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ⏭ गीदम



इन्दिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर के कुलपति डॉ गिरीश चंदेल ने कृषि विज्ञान केंद्र दंतेवाड़ा का भ्रमण किया। भ्रमण अंतर्गत कुलपति ने कृषि विज्ञान केंद्र दंतेवाड़ा में मां दंतेश्वरी स्व सहायता समूह द्वारा संचालित दंतेश्वरी न्यूट्री फूड्स का उद्घाटन किया।

तत्पश्चात प्राकृतिक खेती अंतर्गत अर्ध दिवसीय कृषक वैज्ञानिक परिचर्चा में कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक ओम प्रकाश ने केंद्र की गतिविधिओं का संक्षिप्त विवरण दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कुलपति डॉ गिरीश चंदेल ने विस्तार पूर्वक कृषको का मार्गदर्शन किया। साथ ही आदान सामाग्री एवं सब्जी बीज का वितरण किया। साथ ही प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए कृषि विज्ञान केंद्र को आगे आकर कार्य करने के लिए निर्देश दिये। निदेशक विस्तार सेवाएं इन्दिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर डॉ एसएस. टूटेजा ने लघु धान्य फसलों के क्षेत्र विस्तार एवं प्रसंस्करण पर विशेष ज़ोर देने की बात कही। कुलपति डॉ गिरीश चंदेल द्वारा कृषि विज्ञान केंद्र दंतेवाड़ा के माध्यम से कृषकों के साथ किए जा रहे विभिन्न गतिविधियों अंतर्गत आदान सामग्रियों का वितरण किया गया। जिसमें प्रक्षेत्र परीक्षण एवं प्राकृतिक खेती अंतर्गत चना बीज वितरण प्राकृतिक खेती अंतर्गत स्व सहायता समूह के महिलाओं को प्लास्टिक ड्रम का वितरण। इस प्रकार कुल 70 हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत आदान सामाग्रियों का वितरण किया गया।

कार्यक्रम में शहीद गुंडाधूर कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र जगदलपुर के अधिष्ठाता डॉ आर.एस. नेताम, डॉ अश्विनी ठाकुर, कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक डिप्रोशन बंजारा, डॉ. प्रवीण कुमार निषाद, एस के पोडयाम, के साथ सम्पूर्ण जिले से 70 कृषक उपस्थित थे।

### कलेक्टर ने दिलाई सच्ची निष्ठा की शपथ



दंतेवाड़ा। संविधान दिवस के अवसर पर कलेक्टोरेट परिसर में कलेक्टर कुणाल दुदावत के नेतृत्व में अधिकारी-कर्मचारियों को भारत के संविधान के प्रति सच्ची निष्ठा रखने की शपथ दिलाई गई। कलेक्टर ने शपथ के दौरान कहा कि संविधान प्रत्येक नागरिक के अधिकारों और कर्तव्यों का संरक्षक है। अतः सभी को देश की संप्रभुता, एकता एवं अखंडता बनाए रखने तथा अपने दायित्वों का ईमानदारी, निष्ठा और निष्पक्षता के साथ निर्वहन करने का संकल्प लेना चाहिए। इस अवसर पर अपर कलेक्टर राजेश पात्रे, संयुक्त कलेक्टर भरतराम ध्रुव सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी एवं कलेक्ट्रेट के कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

# एसबीआई संजीवनी टीम ने बच्चों को किया स्वच्छता पर जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बस्तर



शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालय बोडनपाल में स्वच्छ भारत अभियान कार्यक्रम के अंतर्गत स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। बच्चों में स्वच्छता के महत्व को समझाने हेतु विभिन्न स्वच्छता गतिविधियां की गई, जिनमें शामिल रहे स्वच्छता ऐक्टिविटी ने विद्यालय परिसर की सफाई की, बच्चों ने स्कूल प्रांगण, कक्षाओं, खेल मैदान एवं आसपास के क्षेत्रों की सफाई में सक्रिय रूप से भाग लिया। इस अवसर पर बच्चों को हाथ धोने की सही विधि बताई गई। नाखून एवं व्यक्तिगत स्वच्छता जांच के तरह बच्चों के नाखून, बाल एवं पहनावे की स्वच्छता की जांच कर आवश्यक मार्गदर्शन दिया गया। साथ ही स्कूल की बच्चियों एवं गांव की महिलाओं को माहवारी के सम्बन्ध में वीडियो के माध्यम से जागरूक किया गया। जिसमें माहवारी के वक्त होने वाले समस्याओं के बारे में जानकारी दी गई साथ ही सेनेटरी पैड को सही तरीके से उपयोग करने तथा उसे डिस्पोच करने की विधि डेमो के माध्यम से बताई गई तथा सभी महिलाओं एवं बालिकाओं को सेनेटरी पैड भी वितरण किया गया।

# छात्राओं ने दिखाया नेतृत्व क्षमता का उत्कृष्ट उदाहरण



हरिभूमि न्यूज ⏭ गीदम

एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय कटेकल्याण संचालित जावंगा गीदम में विद्यालय की छात्राओं द्वारा आदर्श युवा ग्राम सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं में नेतृत्व क्षमता, सामाजिक जागरूकता एवं ग्राम विकास के प्रति उत्तरदायित्व की भावना का विकास करना था। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कौसल्या सोमारु करटम सरपंच ग्राम पंचायत परचेली उपस्थित रहीं। विशिष्ट अतिथि के रूप में आसु कवासी ग्राम समिति अध्यक्ष, लखमे कवासी सरपंच नड़ेनार, सुश्री पालो मरकाम जनपद सदस्य कटेकल्याण, वार्ड पंच जगरा मरकाम तथा सचिव सुनील तामो ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक शिवकुमार कँवर द्वारा किया गया, जबकि समग्र मार्गदर्शन शिक्षक मनोज जांगरा द्वारा प्रदान किया गया। विद्यालय के प्राचार्य कुलदीप सिंह ने उद्बोधन देते हुए छात्राओं के प्रयासों की सराहना की तथा समाज और शिक्षा के बीच मजबूत सेतु बनाने की आवश्यकता पर जोर दिया।

# समृद्धि का स्रोत बना मछली पालन, कृषकों का आसान हुआ जीवन यापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ दंतेवाड़ा

वर्तमान में खेती किसानी एवं मत्स्य पालन व्यवसाय का तालमेल कृषकों के आजीविका और उन्नति के बहुमुखी स्रोत के रूप में उभरा है। जो पूरे कृषि परिदृश्य में आमूलचूल परिवर्तन लाकर कृषकों के जीवन स्तर को एक सामाजिक और आर्थिक दृष्टि से टिकाऊ सुरक्षा प्रदान करता

■ मछली पालन कर प्रति वर्ष लगभग 2 लाख का शुद्ध आय अर्जित कर रहे



है। तात्पर्य है कि मौसम परिवर्तन का सीधा असर जहां फसल उत्पादन पर पड़ता हैं वहीं फसलों के बाजार मूल्य में उतार चढ़ाव भी कृषकों की कुल आय पर प्रतिकूल प्रभाव डालते है। ऐसी स्थिति में मत्स्य पालन जैसे व्यवसाय कृषकों के लिए सपोर्ट सिस्टम का काम करते है। बस्तर जैसे अंचल में जहां के अधिकतर कृषक वर्षा आश्रित फसलों पर निर्भर रहते है वहां खेती के अलावा इसी से संबंधित पशुपालन, कुक्कुट पालन, मत्स्य पालन जैसे व्यवसायों पर ध्यान केन्द्रित करना अब आवश्यकता बनता जा रहा हैं और अगर मत्स्य पालन की बात करें तो यह देखा गया है कि बस्तर जिले के किसानों के पास अक्सर खेतिहर भूमि के बाद भी ऐसी भूमि बची रह जाती है जिनका उपयोग नहीं हो पाता और अगर ऐसी भूमि जल स्त्रोतों के निकट हो तो मछली पालन के लिए यह आदर्श स्थल साबित हो सकती है। इस क्रम में जिले के कई ऐसे जागरूक और प्रगतिशील किसान भी है जिन्होंने खेती के साथ-साथ सफल मत्स्य पालन करके अपनी आर्थिक स्थिति में उल्लेखनीय सुधार लाया है जो अन्य कृषकों के लिए प्रेरणास्त्रोत है।

ग्राम फुलनार के सन्तुराम पोड़ियाम पिता बोना राम भी इन्हीं सफल कृषकों में से एक है। जो खेती और मछली उत्पादन से जुड़ कर अपनी वार्षिक आय में पर्याप्त वृद्धि करके अपने जीवन को समृद्ध बनाया है। उनका कहना है कि धान की खेती उनका पुश्तैनी कार्य है जो उन्हें हर परिस्थिति में करना ही है। परन्तु वे हमेशा से ही धान के खेती के साथ-साथ अन्य समानान्तर व्यवसाय को अपनाना चाहते थे। धान खेती में अत्यधिक मेहनत और लागत तथा कामगारों की कमी तथा संतोषजनक उत्पादन न होने जैसी समस्याओं के चलते मत्स्य पालन ने उन्हें आकर्षित किया और अंततः मत्स्य विभाग से संपर्क के जरिए उन्हें अपनी भावी योजनाओं को साकार करने का मौका मिला। उन्होंने तत्काल विभाग के सहयोग से अपने 1 हेक्टेयर की भूमि में तालाब खुदवाया। नवीन तालाब निर्माण कर मछली पालन कार्य प्रारंभ किया। इसके साथ ही मत्स्य विभाग द्वारा विभागीय योजना अन्तर्गत जैसे मत्स्य पालन की आधुनिक तकनीक, आईस बाक्स, जाल, फिश माऊंट, अंगुलिका संचयन योजना अंतर्गत मछली बीज मछुआ प्रशिक्षण से उनको लाभान्वित किया गया। जिससे उनकी आमदनी में उत्तरोत्तर वृद्धि होती गई और आज वे मछली पालन करके प्रति वर्ष लगभग 2 लाख रूपये का शुद्ध आय अर्जित प्राप्त कर रहे है। सन्तु राम यह भी कहना है कि वे पहले धान कृषि के तहत 8 से 10 क्विंटल ही प्राप्त कर पाते थे जो उनके परिवार के जीवन यापन में ही पर्याप्त नहीं हो पाता था। लेकिन मत्स्य पालन ने उन्हें और उनके परिवार को सहारा दिया, और आज उनका जीवन सुखमय है।

JDP_BHOOMI_28_2025-04_Layout 1 11/27/2025 9:06 PM Page 1



## खबर संक्षेप

### मैथ्यू व पोयाम ने लिया प्रभार




**जगदलपुर।** विद्युत कंपनी जगदलपुर वृत्त के अधीक्षण अभियंता एनके पोयाम को स्थानांतरण से प्रोजेक्ट के एसई बनाया गया। उनके स्थान पर एसई केवी मैथ्यू ने प्रभार लिया।

### देवराज जिला सह संयोजक नियुक्त

**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन ने बस्तर जिले के लिए नई जिम्मेदारी घोषित करते हुए देवराज खूंटे को जिला सह-संयोजक नियुक्त किया है। संगठन ने यह दायित्व उनके लम्बे समय से जारी सक्रिय सहयोग, कर्मचारियों-शिक्षकों की समस्याओं के समाधान में उनकी भूमिका और संगठनात्मक नेतृत्व को देखते हुए प्रदान किया है। देवराज खूंटे वर्तमान में छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन के जिला अध्यक्ष के रूप में कार्यरत हैं।



### 12 हजार लोगों ने नशा से दूर रहने की ली शपथ

**जगदलपुर।** जिले में नशाखोरी और अवैध गतिविधियों पर नियंत्रण के उद्देश्य से कलेक्टर द्वारा गठित जिला स्तरीय टास्क फोर्स समन्वय समिति की मासिक बैठक अपर कलेक्टर सीपी बघेल की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में वन विभाग, स्वास्थ्य विभाग, आबकारी, शिक्षा, समाज कल्याण, खाद्य एवं औषधि प्रशासन, महिला एवं बाल विकास विभाग, नगर निगम, लाईवलीहुड कॉलेज और पुलिस विभाग सहित सभी संबंधित विभागों के सदस्य उपस्थित रहे। बैठक के दौरान समस्त सदस्यों से बीते माह में किए गए नशा मुक्ति अभियान की विस्तृत जानकारी ली गई। समीक्षा में यह सामने आया कि नशा मुक्ति के संबंध में चलाए जा रहे ई-शपथ अभियान को जिले में बड़ी सफलता मिली है, जिसके तहत अब तक लगभग 12 हजार लोगों ने नशा से दूर रहने की शपथ ली है।

### अधिकारियों और कर्मचारियों ने किया संविधान का वाचन

**जगदलपुर।** संविधान दिवस के अवसर पर संभागायुक्त कार्यालय परिसर में बुधवार को कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें कमिश्नर डोमन सिंह ने अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ मिलकर भारतीय संविधान की प्रस्तावना का वाचन किया।

कार्यक्रम के दौरान कमिश्नर डोमन सिंह ने संविधान निर्माताओं के योगदान को स्मरण करते हुए कहा कि भारतीय संविधान विश्व के सबसे सशक्त और समावेशी संविधानों में से एक है, जो प्रत्येक नागरिक के अधिकारों की रक्षा करता है और राष्ट्र को एकता व अखंडता के सूत्र में पिरोता है। उन्होंने उपस्थित सभी कर्मचारियों से संविधान के मूल्यों-न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व का पालन करने का आग्रह किया।

### संविधान दिवस पर संसद सदन का आयोजन

**जगदलपुर।** डीएवी मुख्यमंत्री सार्वजनिक विद्यालय में संविधान दिवस बड़े उत्साह और गरिमा के साथ मनाया गया। इस विशेष अवसर पर विद्यालय में 'संसद सदन' का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों ने लोकसभा और राज्यसभा की कार्यप्रणाली का जीवंत प्रस्तुतीकरण किया। छात्रों ने अध्यक्ष (स्पीकर),प्रधानमंत्री,मंत्रीमंडल तथा विपक्ष की भूमिकाएँ निभाते हुए वास्तविक संसद सत्र जैसा वातावरण निर्मित किया। सदन में विद्यार्थियों ने शिक्षा, पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक मुद्दों पर चर्चा करते हुए कानून निर्माण प्रक्रिया का प्रभावी प्रदर्शन किया। विद्यालय परिसर में संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन किया गया तथा विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से छात्रों को भारतीय संविधान के महत्व,मूल अधिकारों और मूल कर्तव्यों से अवगत कराया गया।

# अंदरूनी इलाकों में स्वास्थ्य शिविरों के आयोजन से ग्रामीणों को मिली सहूलियत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर संभाग के घोर माओवाद प्रभावित नारायणपुर, सुकमा और बीजापुर जिले के अत्यंत दुर्गम क्षेत्रों में स्वास्थ्य विभाग की ओर से हाल ही में विशेष स्वास्थ्य शिविरों का सफल आयोजन किया गया। इन शिविरों ने सुरक्षा चुनौतियों और दुर्गम भौगोलिक परिस्थितियों को पार करते हुए सेवा और विशेषज्ञता की नई मिसाल कायम की है। स्वास्थ्य विभाग की इस महत्वपूर्ण पहल में रायपुर मेडिकल कॉलेज सहित डिमरापाल और कांकेर में संचालित मेडिकल कॉलेज के विशेषज्ञ चिकित्सकों के साथ ही मेडिकल छात्र-छात्राओं ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया। उन्होंने 21 और 22 नवंबर को आयोजित विभिन्न शिविरों में ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण और उपचार किया।

नारायणपुर जिले में ये शिविर ईरकभट्टी, बेड़माकोटी, कस्तूरमेटा और कांदुलपार जैसे दूरस्थ स्थानों पर आयोजित किए गए, जबकि सुकमा में दुलेड़ और लखापाल जैसे संवेदनशील क्षेत्रों को कवर किया गया। बीजापुर में गूंजेपर्ती, पुतकेल, कोंडापल्ली और मुतवेंडी जैसे स्थानों पर आयोजित इन स्वास्थ्य शिविरों के माध्यम से कुल 1324 ग्रामीणों का सफलतापूर्वक स्वास्थ्य परीक्षण किया गया और सभी को आवश्यक चिकित्सा सहायता प्रदान की गई।

### 1324 ग्रामीणों का हुआ विशेषज्ञ स्वास्थ्य परीक्षण एवं उपचार



#### गंभीर और स्थानिक रोगों पर दिया गया विशेष ध्यान

संयुक्त संचालक स्वास्थ्य सेवाएं बस्तर डॉ. महेश शांडिल्य ने बताया कि इन स्वास्थ्य शिविरों के जरिए नारायणपुर में 367, सुकमा में 318 और बीजापुर में 639 ओपीडी जांच की गई। स्वास्थ्य परीक्षण के दौरान गंभीर और स्थानिक रोगों पर विशेष ध्यान केंद्रित किया गया। इस दौरान कुल 83 मलेरिया पॉजिटिव मामले पाए गए, जिनका तुरंत उपचार शुरू हुआ। टीबी की पहचान के लिए 207 नमूने लिए गए और आदिवासी बहुल क्षेत्रों की एक प्रमुख आनुवंशिक समस्या, सिकलसेल, एनीमिया की पहचान के लिए 464 लोगों की स्क्रीनिंग की गई। इसके अतिरिक्त कुल 212 ग्रामीणों की नेत्र जांच की गई और स्वास्थ्य सेवाओं के साथ-साथ 129 नए आयुष्मान कार्ड भी बनाए गए।

## मूली धान खरीदी केंद्र में किसानों ने कहा मिल रही सभी सहूलियत

# किसानों में खुशी का माहौल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर





राज्य शासन द्वारा चालू वर्ष में धान खरीदी व्यवस्था को अधिक सुचारू और पारदर्शी बनाने के लिए किए गए प्रयासों का सकारात्मक प्रभाव अब गांव-गांव में दिखाई देने लगा है। धान बेचने पहुंचे किसानों ने बताया कि इस बार खरीदी केंद्रों में समय पर तौल, भुगतान की विश्वसनीय व्यवस्था और सुविधाओं में सुधार के कारण काफी सहूलियत मिल रही है।

जिले के बकावण्ड विकासखण्ड अंतर्गत मूली धान खरीदी केन्द्र में कुम्हरावण्ड निवासी किसान लखीराम ने कहा कि शासन द्वारा समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की स्पष्ट व्यवस्था, टोकन प्रणाली का बेहतर संचालन और खरीदी केंद्रों में स्टाफ की उपलब्धता ने प्रक्रिया को पहले की तुलना में काफी सुगम बना दिया है। इसके कारण किसानों को समय की बचत के साथ-साथ आर्थिक सुरक्षा का भरोसा भी मिल रहा है। उन्होंने 60 क्विंटल धान विक्रय करने टोकन कटवाने की बात कही।

मूली के धान खरीदी केन्द्र प्रभारी एमआर भद्रे ने बताया कि इस वर्ष खरीदी सीजन में पर्याप्त बारदाना, परिवहन व्यवस्था और अन्य व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। वहीं ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से किसानों को उनके धान की तौल और भुगतान की पूरी पारदर्शी जानकारी उपलब्ध हो रही है। उन्होंने बताया कि इस धान खरीदी केन्द्र में बोरीगांव, बारदा, कुम्हरावण्ड, किंजोली, चापापदर, मूली, चिखल करमरी तथा करंजी के कुल 865 किसानों ने धान विक्रय के लिए पंजीयन करवाया है।

### किसानों ने कहा पर्याप्त व्यवस्था

कुम्हरावण्ड निवासी कृषक दलपति कश्यप ने बताया कि वह 27 नवम्बर को 60 क्विंटल धान बेचने के लिए टोकन लिया था और गुरुवार को सुबह धान लेकर धान खरीदी केन्द्र पहुंचा है। यहां तौल करवाने के लिए बारदाने सहित हमाल भी उपलब्ध हैं। उन्होंने बताया कि किसानों के लिए पेयजल और बैठने की व्यवस्था भी है। इसी तरह कुम्हरावण्ड निवासी मंगली कश्यप ने भी धान खरीदी केन्द्र की व्यवस्था को पर्याप्त निरूपित किया। उन्होंने बताया कि करीब 10 एकड़ कृषि भूमि में धान की फसल लेते हैं इस साल भी अच्छी पैदावार से भरपूर उत्पादन मिली है। धान खरीदी केन्द्र में 116 क्विंटल धान विक्रय करने लाए हैं। मंगली बताती हैं कि खेत में स्वयं के नलकूप की सहायता से अब रबी सीजन में ढाई एकड़ रकबा में मक्का की फसल लेने खेत की तैयारी कर रहे हैं।

## कलेक्टर ने मतदाताओं से सीधा संवाद कर परखी पुनरीक्षण की गुणवत्ता



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- पुनरीक्षण कार्य सजगतापूर्वक पारदर्शी और जन-केंद्रित हो

लोकतंत्र के आधार स्तंभ मतदाता सूची की शुद्धता सुनिश्चित करने के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी हरिस एस ने बुधवार को लोहंडीगुड़ा तहसील में व्यापक भ्रमण कर दाबपाल के पुजारीपारा, नेगीरास, पारापुर और गढ़िया जैसे क्षेत्रों में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य का न केवल जायजा लिया, बल्कि स्थानीय मतदाताओं से सीधे मिलकर फीडबैक भी लिया। उन्होंने मतदान केंद्रों के निरीक्षण के दौरान बूथ स्तरीय अधिकारियों से प्रपत्रों के सत्यापन की प्रक्रिया समझी। इसके साथ ही आस-पास के मतदाताओं से बातचीत कर उनसे पूछा कि क्या बीएलओ उनके निवास स्थान तक पहुँचे हैं, और क्या उनके परिवार में किसी का नाम जोड़ने या हटाने की आवश्यकता थी, जिसे अधिकारियों ने सत्यापन कर दर्ज किया है। इस दौरान कलेक्टर ने अधिकारियों से कहा कि मतदाताओं का विश्वास ही इस कार्य की सफलता का प्रमाण है। हमें यह सुनिश्चित करना है कि हर पात्र नागरिक मताधिकार से वंचित न हो और सूची में कोई भी त्रुटि न रहे। कलेक्टर ने स्पष्ट निर्देश दिए कि पुनरीक्षण कार्य सजगतापूर्वक पारदर्शी और जन-केंद्रित होना चाहिए। नेगीरास और गढ़िया में भी उन्होंने लोगों से मिलकर कार्य की प्रगति को परखा। इस दौरान तहसीलदार एवं सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कैलाश पोयाम, सीईओ जनपद पंचायत धंनेश्वर पाण्डेय और अन्य अधिकारी मौजूद थे।

## मलकीत के घर पहुंचे पायलट...



**जगदलपुर।** ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं छत्तीसगढ़ प्रभारी सचिन पायलट ने प्रदेश कांग्रेस के महामंत्री मलकीत सिंग गैदु के निवास स्थान पहुंच कर परिवार में हाल ही में संपन्न हुए विवाह की बधाई दी। पायलट ने मलकीत सिंग गैदु के छोटे बेटे जसमीत और पुत्रवधू लवलीश को वैवाहिक जीवन की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज, नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत, प्रभारी सचिव विजय जांगिड़, जरिता लैतफलांग, संपत कुमार, उमेश पटेल, विकास उपाध्याय, आकाश शर्मा, पुर्णचंद्र पाढी व अन्य कागे्रंस नेता मौजूद थे। इस दौरान गैदु परिवार की ओर से अतिथियों के सम्मान में आयोजित रात्रिभोज में स्थानीय कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ता भी शामिल हुए।

## जनता व रियल एस्टेट सेक्टर में उथल-पुथल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



- छत्तीसगढ़ में जमीन दरों में भारी वृद्धि से फैली बेचैनी

छत्तीसगढ़ में नई कलेक्टर गाइडलाइन दरों के लागू होने के साथ ही पूरे प्रदेश में विरोध, आशंकाओं और नाराजगी का माहौल बन गया है। सरकार द्वारा जमीन, मकान और प्लॉट की सरकारी दरों में 10 प्रतिशत से लेकर 100 प्रतिशत तक की तीव्र और अप्रत्याशित बढ़ोतरी ने आम नागरिकों, जमीन कारोबारियों और रियल एस्टेट उद्योग के भीतर एक गहरी बेचैनी पैदा कर दी है। गाइडलाइन दरों का इतना बड़ा संशोधन कई जिलों में 150 से 300 प्रतिशत की उछाल तक पहुंच गया है, जिसके बाद रजिस्ट्री शुल्क, स्टांप ड्यूटी और पंजीयन से जुड़ी अन्य औपचारिकताएं पहले से कई गुना महंगी हो गई हैं।

यह बढ़ोतरी प्रदेश के ग्रामीण अंचलों से लेकर शहरी इलाकों तक समान रूप से लागू की गई है। विशेषज्ञों का कहना है कि बड़े शहरों के कई इलाकों में पहले से ही बाजार मूल्य ऊंचा था, ऐसे में गाइडलाइन दरें और बढ़ा देने से दस्तावेजी मूल्य वास्तविक कीमत से भी ऊपर पहुंच गया है। इससे जमीन खरीदने वाले लोगों पर अतिरिक्त वित्तीय दबाव पड़ रहा है। पंजीयन कार्यालयों में अचानक आई मंदी और कम होते लेन-देन यह संकेत देते हैं कि बाजार में एक अजीब सा सन्नाटा और ठहराव छाने लगा है। जमीन विक्रेताओं का आरोप है कि सरकार ने क्षेत्रवार आर्थिक स्थिति और भू-उपयोग की क्षमता का आकलन किए बिना एक झटके में दरें बढ़ा दीं, जिससे रियल एस्टेट उद्योग का पूरा संतुलन बिगड़ गया है। बस्तर क्षेत्र में इस फैसले का विरोध और अधिक मुखर होकर सामने आया है। जगदलपुर में जमीन कारोबारियों, रियल एस्टेट डेवलपर्स और प्लॉटिंग व्यवसाय से जुड़े लोगों ने बस्तर चेंबर ऑफ कॉमर्स के पदाधिकारियों के साथ विस्तृत चर्चा कर इस निर्णय को पूर्णतः जनविरोधी, अव्यावहारिक और आर्थिक रूप से दमनकारी करार दिया। व्यवसायियों ने कहा कि गाइडलाइन दरों में इस तरह की उछाल से गरीब, आदिवासी और निम्न आय वर्ग के परिवार अपनी पुश्तैनी जमीन का हस्तांतरण या छोटी-मोटी खरीद भी नहीं कर पाएंगे। उनके अनुसार, एक साधारण व्यक्ति के लिए घर बनाने का सपना पहले ही महंगा था, अब यह लगभग असंभव होता प्रतीत हो रहा है, क्योंकि न केवल जमीन बल्कि निर्माण सामग्री और अन्य व्यय भी स्वतः महंगे हो जाएंगे।

## विज्ञान प्रदर्शनी में बच्चों ने नवाचार आधारित मॉडल किए प्रस्तुत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



बस्तर सामाजिक जन विकास समिति द्वारा संचालित चाइल्ड डेवलपमेंट प्रोग्राम के अंतर्गत 14 से 20 नवंबर तक मनाए गए 'बाल अधिकार सप्ताह' का समापन समारोह ग्राम बिलोरी मिनी स्टेडियम में हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न हुआ।

20 ग्राम पंचायतों की सक्रिय सहभागिता और 500 से अधिक बच्चों की उपस्थिति ने इसे एक यादगार आयोजन बना दिया। समिति के माध्यम से 0 से 24 वर्ष आयु वर्ग के 911 बच्चों को शिक्षा, स्वास्थ्य, संरक्षण और आजीविका से संबंधित सेवाएँ निरंतर प्रदान की जा रही हैं।

समारोह की शुरुआत बच्चों के आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रमों से हुई। बाल विवाह निषेध पर आधारित प्रभावशाली नाटक ने समाज को सकारात्मक संदेश दिया और उपस्थित जनसमूह की सराहना प्राप्त की।

कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहा विज्ञान प्रदर्शनी, जिसमें बच्चों ने वैज्ञानिक सोच और नवाचार आधारित मॉडल प्रस्तुत किए। स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा प्रस्तुत पोषण जागरूकता स्टॉल और बच्चों के लिए आयोजित मिनी फूड फेयर ने कार्यक्रम को विशेष रूप से समृद्ध किया।

विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को मुख्य अतिथियों द्वारा प्रमाण-पत्र और पुरस्कार प्रदान किए गए।

## पायलट व महंत मजबूरी में कर रहे एसआईआर का विरोध : पाण्डेय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



सचिन पायलट और चरण दास महंत मजबूरी में एसआइआर का विरोध कर रहे हैं। आलाकमान की गलत बातों को फैलाने की असफल कोशिश में कांग्रेस नेता व्यस्त हैं, बिहार की जनता ने विधानसभा चुनाव में इनके झूठे दावों की हवा निकाल दी किन्तु अपने हताश समर्थकों का मनोबल बढ़ाने के लिए कांग्रेस इस राजनैतिक स्वांग में व्यस्त है। यह बातें भाजपा जिलाध्यक्ष वेदप्रकाश प्रकाश पाण्डे ने कही।

उन्होंने कहा कि एसआईआर का अधिकार चुनाव आयोग को संविधान में दिया गया है। मतदाता सूची का शुद्धीकरण हो यह स्वस्थ चुनावी प्रक्रिया हेतु अनिवार्य है। देश एवं प्रदेश की सरकार को भारत के नागरिक चुने यह भारतीय लोकतंत्र और आंतरिक व्यवस्था के लिए आवश्यक है। पाण्डेय ने कहा कि मतदान के अधिकार से भारत का कोई भी नागरिक वंचित ना हो, भाजपा इस बात से पूरी तरह सहमत है। किन्तु पार्टी इस बात का भी समर्थन करती है कि कोई भी अपात्र ,घुसपैठिया इस अधिकार का प्रयोग कर स्वच्छ चुनावी प्रक्रिया को दूषित ना करे।

## अंतरराष्ट्रीय स्तर की अबेकस-वैदिक गणित प्रतियोगिता में जीत का परचम

# बस्तर के नन्हे प्रतिभागियों का रायपुर में धमाकेदार प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



राजधानी रायपुर में 23 नवंबर को आयोजित आठवें अंतरराष्ट्रीय स्तर के अबेकस, वैदिक गणित और हस्तलेखन प्रतियोगिता में बस्तर के बच्चों ने अभूतपूर्व सफलता अर्जित करते हुए पूरे संभाग का मान बढ़ाया। जगदलपुर से गए 15 प्रतिभाशाली बच्चों में बचपन एकेडमिक हाइट पब्लिक स्कूल के 7 छात्र-छात्राएं भी शामिल थे। इन नन्हे प्रतिभागियों ने विभिन्न श्रेणियों में शानदार प्रदर्शन करते हुए सर्वोच्च खिताब अपने नाम किए। आयांश दास (जूनियर-2, यूकेजी) जूनियर वर्ग बिना अबेकस श्रेणी में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सर्वोच्च उपाधि "चैम्पियन ऑफ चैम्पियन" हासिल की। के प्रयांश बिना अबेकस तथा अबेकस सहित दोनों श्रेणियों में शानदार प्रदर्शन कर चैम्पियन ऑफ चैम्पियन की दोहरी जीत दर्ज की। वियान मिश्रा बिना अबेकस और अबेकस दोनों वर्गों में चैम्पियन रहे। सार्थक सत्पथी बिना अबेकस और अबेकस दोनों श्रेणियों में चैम्पियन बने तथा एक वर्ग में प्रथम स्थान भी प्राप्त किया। ऋषिका सर्वा अबेकस सहित श्रेणी में प्रथम स्थान तथा बिना अबेकस श्रेणी में द्वितीय स्थान प्राप्त किया।लावण्या सर्वा अबेकस सहित वर्ग में द्वितीय स्थान पर रहीं। ज्ञानवी इस परीक्षा की प्रतिभागी रहीं और उत्कृष्ट प्रदर्शन प्रदर्शित किया। बच्चों की इस शानदार उपलब्धि के पीछे उनकी प्रशिक्षिका खुशबू यादव का योगदान रहा। उनकी मेहनत, अनुशासन, धैर्य और निरंतर अभ्यास करवाने की शैली ने ही बस्तर के विद्यार्थियों को राष्ट्रीय मंच पर चमकने का अवसर दिया।

कमर, जांघ, ऑर्म, वक्ष स्थल



शरीर के अन्य हिस्सों का वेज़र द्वारा लाइपोसक्शन
कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी एवं बर्न सेंटर
आर.के.सी. के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स माल के पास, रायपुर (छ.ग.)
9827143060/8871003060
छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त
Ajay Advt.

Care With Confidence
(NABH से मान्यता प्राप्त)
सुयश हॉस्पिटल
स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग
• नॉर्मल डिलीवरी
• सिजेरियन
• हाई रिस्क प्रेग्नेंसी
• बच्चेदानी का ऑपरेशन
• बांझपन का ईलाज
24x7 प्रसव सुविधा..
24 Hours Helpline
9926386660
कोटा–गुढ़ियारी रोड़, होटल पिकाडली के पीछे, रायपुर
Ajay 9827144371

online Booking:-www.tripuryatra.com



स्लीपर मात्र 9,500/-
सुनहरा अवसर
रायपुर, उसलापुर, शहडोल से होकर
स्पेशल ट्रेन
13 फरवरी से 19 फरवरी 2026 (7 दिन)
द्वारकाधीश धाम यात्रा
श्री द्वारकाधीश, श्री द्वारकाभेट, श्री सोमनाथ, श्री नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, उज्जैन (श्री महाकालेश्वर)/माउंट आबू/स्टेच्यू ऑफ यूनिटी
ऑफर राशि स्लीपर 9,500/-, 3 एसी-16,500/-, 2 एसी 22,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36 Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza Power House Road
संपर्क करें:-7354 411411